केन्द्रीय विद्यालय संगठन, आगरा संभाग

सत्रांत परीक्षा नमूना प्रश्न पत्र -1 (2021- 22)

कक्षा : चतुर्थ विषय: हिन्दी समय: 1 घंटा

नाम : ....कक्षा एवं वर्ग :............ अनुक्रमांक : .... दिनांक : ....

दक्षताएँ	पठन (5)	व्याकरण (10)	वर्तनी (5)	शब्द कोष (5)	लेखन (5)	रचनात्मक लेखन (5)	सुलेख (5)	कुल (40)
प्राप्तांक								

हस्ताक्षर निरीक्षक :____________हस्ताक्षर परीक्षक : _____________

सामान्य निर्देश:

1.इस प्रश्नपत्र में सात खंड हैं क, ख, ग, घ, ङ, च और छ ।

2. सातों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

3. खंड क से घ तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, इनमें प्रत्येक प्रश्न में आपको किसी एक विकल्प पर सही निशान लगाना है।

4. खंड ङ से छ तक में सभी प्रश्न वर्णनात्मक हैं, इनके उत्तर आपको अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखने हैं।

खंड - क समझकर पढ़ना (अपठित गद्यांश) (1*5=5)

निम्न गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों में सही उत्तर पर निशान लगाइए।

कार्टूनों की अपनी दुनिया है, ठीक मनुष्यों की दुनिया की तरह लुभावनी। कार्टून ऐसा चित्र होता है, जिसे देखकर मन खुश हो जाता है। आजकल तो कार्टूनों के माध्यम से अनेक तरह के रोचक

कार्यक्रम दिखाए जाने लगे हैं। कार्टून बच्चों को ही नहीं बड़ों को भी अच्छे लगते हैं। नीरस और उबाऊ विषय भी कार्टून के द्वारा सरस व रोचक बन जाते हैं। इसलिए बच्चे कार्टून की किताब मिलते ही उस पर झपट पड़ते हैं और जब तक वह खत्म न हो जाए, पढ़ना, खेलना, सोना यहाँ तक कि खाना भी भूल जाते हैं।

1) गद्यांश के अनुसार कार्टूनों की दुनियाँ कैसी है?

क) जादुई ख) रंगीन ग) लुभावनी घ) बेरंग

2) नीरस और उबाऊ विषय कार्टूनों के द्वारा कैसे बन जाते हैं?

क) रोमांचक ख) रोचक ग) बेकार घ) रसहीन

3) पंक्ति को पूरा कीजिए: कार्टून ऐसा चित्र होता है, जिसे देखकर मन _______________।

क) खुश हो जाता है ग) दुखी हो जाता है

ख) निराश हो जाता है घ) गुनगुनाता है

4) कार्टून की किताब मिलते ही बच्चे क्यों झपट पड़ते हैं?

क) छीन लेने के लिए ख) छुपाने के लिए ग) रखने के लिए घ) पढ़ने के लिए

5) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक बताइए।

क) कार्टूनों की दुनियाँ ख) कार्टूनों की ज़रूरत ग) कार्टूनों का महत्व घ) हमारे लिए कार्टून

खंड - ख (व्याकरण) (1*10=10)

1) निम्न वाक्य में से संज्ञा शब्द चुनिए - "बहुत अच्छा !" गांधीजी जी ने धीरे से कहा।

क) बहुत ख) गांधीजी ग) कहा घ) धीरे

2) निम्न वाक्य में से सर्वनाम शब्द चुनिए - "कुछ देर तो वह अपने बिस्तर पर ही बैठी रही।"

क) बिस्तर ख) बैठी ग) वह घ) देर

3) निम्न वाक्य में से विशेषण शब्द चुनिए - "हुदहुद एक सुंदर पक्षी है।"

क) सुंदर ख) पक्षी ग) हुदहुद घ) है

4) निम्न वाक्य में से क्रिया शब्द चुनिए - "पिताजी सुबह अखबार पढ़ते हैं।"

क) पिताजी ख) सुबह ग) पढ़ते हैं घ) अखबार

5) निम्न में से प्रश्नवाचक चिह्न चुनिए।

क) ! ख) ? ग) । घ) /

6) मुहावरे का अर्थ बताइए- कोल्हू का बैल

क) कोल्हू में काम करने वाला ख) कड़ी मेहनत करने वाला ग) मूर्ख व्यक्ति घ) निराश व्यक्ति

7) लिंग बदलो - अध्यापक

क) अध्यापिका ख) अध्यापको ग) अध्यापीका घ) अध्यपकें

8) वचन बदलो - बकरी

क) बकरे ख) बकरियाँ ग) बक्करीया घ) बकरिये

9) निम्न में से भिन्न शब्द पर निशान लगाओ।

क) लाल ख) सुंदर ग) भारी घ) राधा

10) मुहावरे का अर्थ बताइए- लाल-पीला होना

क) गुस्सा होना ख) रंगवाना ग) मना करना घ) भाग जाना

खंड - ग (वर्तनी)

1) इन अक्षरों को सही क्रम में रखने पर कौन सा शब्द बनेगा- ब सा ती र म

क) रसाबमती ख) मतीसबर ग) बमतिसर घ) साबरमती

2) शब्द को पूरा करने के लिए सही विकल्प को चुनिए - च _ क _

क) ख,र ख) क, र ग) त , र घ) क,ल

3) सही शब्द चुनिए

क) मख्खान ख) मख्खन् ग मक्खन घ) मक्कन

4) निम्न वाक्यांश के लिए एक शब्द बताइए- सच बोलने वाला

क) ईमानदार ख) डरपोक ग) सत्यवादी घ) सदाचारी

5) सही शब्द चुनिए

ख) कोलाहाल ख) कोलाहल ग) कोलहल ख) कोलाहोल्

खंड - घ (शब्द कोष)

1) 'आग' का पर्यायवाची लिखो

क) पवन ख) नीर ग) अग्नि घ) समीर

2) 'उदय' का विलोम शब्द लिखो

क) अस्त ख) सुख ग) उदित घ) अंत

3) 'धरना' का तुक वाला शब्द कौन सा है?

क) कमल ख) धर लेना ग) रखने घ) झरना

4) 'पेड़' का समानार्थी शब्द कौन सा है?

क) पुष्प ख) वृक्ष ग) पत्ती घ तना

5. निम्न को क्या कहेंगे - शहर में रहने वाला

क) शिक्षित ख) सभ्य ग) असभ्य घ) शहरी

खंड - ङ (लेखन) (गद्य एवं पद्य) (1+2+2=5)

1. आश्रम में धनी क्या काम करता था?

उत्तर : ____

2. सुनीता को किन कामों में कठिनाई होती थी?

उत्तर:____

____

3. हर जगह नारियल के दाम में फ़र्क क्यों था?

उत्तर: ____

____

खंड - च (रचनात्मक लेखन) (5*1=5)

बादशाह सुलेमान यदि आपसे खुश होकर कोई वरदान माँगने को कहें तो आप क्या वरदान माँगेंगे और क्यों? लगभग 40 शब्दों में लिखो।

उत्तर :

____

____

____

____

____

____

खंड- छ (सुलेख) (5*1=5)

निम्न गद्यांश को अपनी सुंदर लिखावट में लिखो।

जल और जीवन का आपस में गहरा संबंध है। बड़े-बड़े नगर नदियों के किनारे ही बसे हुए हैं। आजकल मनुष्य नदियों और झीलों में तैरकर अपना मनोरंजन करता है। प्राचीन काल में मनुष्य तैरकर ही नदियों को पार करता था। तैराकी अपने आप में कला के साथ-साथ अच्छा व्यायाम भी है।

____

____

____

____

____